# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (18 जनवरी)



- सामान्य वर्ग को आरक्षण देने के लिये केंद्र सरकार ने नियम तय कर दिये हैं। वार्षिक आय सीमा 8 लाख रुपए ही रहेगी, लेकिन राज्य अपनी सुविधानुसार इसमें बदलाव कर सकते हैं। केंद्र सरकार की नौकरियों और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में यह सीमा 8 लाख रुपए ही रहेगी। यह आरक्षण निजी क्षेत्र के वित्तीय मदद लेने वाले और न लेने वाले शैक्षणिक संस्थानों में भी लागू होगा।
- देश के पहले लोकपाल की नियक्ति के लिये सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल संस्था और इसके सदस्यों की नियुक्ति के लिये सर्च कमेटी को फरवरी के अंत तक नामों का पैनल तैयार करने का निर्देश दिया। लोकपाल के चयन के लिये 8 सदस्यों वाली सर्च कमेटी का गठन पिछले वर्ष सितंबर में हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसी इसकी अध्यक्ष हैं। सर्च कमेटी नामों को शॉर्टलिस्ट कर लोकपाल चयन समिति को सौंपेगी। चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभाध्यक्ष, नेता विपक्ष और प्रख्यात कानूनविद शामिल होते हैं।
- देश में इस वर्ष होने वाली **आर्थिक गणना** का काम कॉमन सर्विस सेंटर के ग्रामीण उद्यमी करेंगे। सरकार ने करीब 15 लाख ग्रामीण उद्यमियों के ज़रिये इस गणना की अवसंरचना तैयार करने के लिये इन उद्यमियों को प्रशिक्षण देने का काम शुरू कर दिया है। आपको बता दें कि इसी वर्ष देशभर के 20 करोड़ परिवारों से आर्थिक आँकड़े जुटाने के लिये सातवीं आर्थिक गणना का काम पूरा किया जाना है। आर्थिक गणना का देश की तरक्की में अहम योगदान होता है, क्योंकि इससे ही लोगों की आर्थिक गतिविधियों का पता लगता है और आर्थिक गणना के आधार पर ही केंद्र व राज्य सरकारें विकास योजनाएँ तैयार करती हैं।
- केंद्र सरकार ने देश में काम कर रहे हज़ारों गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) को विदेशी चंदे के लिये अनिवार्य पंजीकरण की शर्त में ढील देने का फैसला किया है। अब इन्हें विदेशों से चंदा लेने से पहले **दर्पण पोर्टल** पर यूनीक ID जेनरेट नहीं करनी पड़ेगी। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अक्तूबर 2017 में कामकाज में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और जवाबदेहिता तय करने हेतु सभी NGOs के लिये 'दर्पण' पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया था।
- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विकास के मामले में भारत के शहर दुनिया में सबसे आगे रहेंगे। वर्ष 2019 से 2035 के बीच अनुमानित GDP के आधार पर दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ते शहरों में शीर्ष 10 भारत से होंगे। इनमें सूरत, अगर, बंगलूरू, हैदराबाद, नागपुर, तिरुपुर, राजकोट, तिरुचिरापल्ली, चेन्नई और विजयवाड़ा शामिल हैं। 'ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स' ने इस रिपोर्ट के लिये विश्व के 780 शहरों की अर्थव्यवस्थाओं का सर्वे किया था।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद चंदौली के तहत आने वाली मुगलसराय तहसील का नाम बदलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय तहसील करने के फैसले को मंज़ूरी दी। सवर्णों के लिये 10 फीसदी आरक्षण को 14 जनवरी से उत्तर प्रदेश में लागू किये जाने को भी मंज़ूरी मिली।

- पश्चिम बंगाल के सत्यरूप सिद्धांत सात उच्च पर्वत शिखरों और सात ज्वालामुखी पर्वतों को फतेह करने वाले सबसे कम उम्र (35 साल 9 महीने) के पर्वतारोही बन गए हैं। सत्यरूप अब तक जिन पर्वत शिखरों को फतेह कर चुके हैं, उनमें अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो, रूस में यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्बरस, अर्जेंटीना में स्थित दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी अकाकागुआ, नेपाल में एशिया और विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट, ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट कोजिअस्को और अंटाकर्टिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट विन्सन मैसिफ शामिल हैं। उनसे पहले सातों महाद्वीपों की सात चोटियों और सात ज्वालामुखी पर्वतों को सबसे कम उम्र (36 साल 157 दिन) में फतेह करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पर्वतारोही डेनियल बुल के नाम था।
- पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान सरकार को पाक अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान के लोगों को और अधिकार देने के लिये 15 दिन में नया कानून बनाने का निर्देश दिया। पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यों वाली संवैधानिक पीठ ने स्पष्ट किया कि गिलगित-बाल्टिस्तान का इलाका उसके अधिकार क्षेत्र में आता है।
- हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री 71 वर्षीया ग्लेन क्लोज़ को 'ऑस्कर वाइल्ड अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। अभिनेत्री मेलीसा मैक्कार्थी 14वें वार्षिक ऑस्कर वाइल्ड अवार्ड समारोह में ग्लेन क्लोज़ को सम्मानित करेंगी। मेलीसा को 2012 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यूएस-आयरलैंड एलायंस ने यह घोषणा की। गौरतलब है कि ग्लेन क्लोज़ को हाल ही में आई फिल्म 'द वाइफ' में उनके बेहतरीन अभिनय के लिये मोशन पिक्चर-ड्रामा श्रेणी में 'गोल्डन ग्लोब' की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- भारत ने ऑस्ट्रेलिया में खेली गई द्विपक्षीय एकदिवसीय मैचों की सीरीज़ पहली बार 2-1 से जीती। मेलबर्न में खेले गए तीसरे और अंतिम मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से पराजित कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 48.4 ओवर में 230 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसके जवाब में भारत ने 49.1 ओवर 3 विकेट पर 234 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत के विकेट कीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने तीनों ही मैचों में हाफ सेंचुरी लगाई।
- भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट को 2018 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के लिये नामांकित किया गया है। वे इस अवॉर्ड्स के लिये नामांकित होने वाली पहली भारतीय हैं। उनको गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ World Comeback of the Year कैटेगरी में नामांकित किया गया है। विजेताओं के नाम का एलान 18 फरवरी को मोनाको में होने वाले लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स समारोह में किया जाएगा। यह पुरस्कार 2000 में शुरू किया गया था और इसमें विजेताओं का चयन लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के 66 सदस्य करते हैं। यह अवॉर्ड खेलों में पिछले कैलेंडर ईयर में प्रदर्शन के आधार पर पुरुष और महिला एथलीट को दिया जाता है।